Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005

Participants : Singh Smt. Pratibha

>

Title: Need to open the closed railway gate of Outward Goods Shed at Shimla Extension Railway Station, Himachal Pradesh. – Laid.

श्रीमती प्रतिभा सिंह (मंडी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री का ध्यान शिमला एक्सटेंशन रेलवे स्टेशन में बने outward Goods Shed की ओर आकर्ति करते हुए कहना चाहती हूं कि उसे रेल अधिकारियों ने बंद कर दिया है तथा इस शैड को जाने वाली रेल लाइन को भी उखाड़ दिया है और शेड abundant पड़ा है। शेड के दूसरी तरफ एक रेलवे गेट है। शैड के आगे 500 मीटर लम्बी सड़क है जो दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश के प्राइमरी एवं सैकेंड्री शिक्षा के निदेशालयों एवं अन्य सरकारी भवनों को जाती है। इन भवनों में राज्य सरकार के अनेक कर्मचारी सेवारत हैं। यदि रेलवे गेट को खोल दिया जाये तो रेल अधिकारियों को किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी और न ही शेड को सुरक्षा की दृटि से कोइ खतरा उत्पन्न होगा क्योंकि वहां से रेल ट्रैक काफी दूर है, परन्तु इससे हिमाचल प्रदेश सरकार को भवनों तक वाहनों के आने जाने की सुविधा मिल जायेगी। अतः मेरी प्रार्थना है कि outward Goods Shed के दूसरे छोर पर बने रेलवे गेट को खोल दिया जाये।